भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **1465**

जिसका उत्तर मंगलवार, 14 मार्च, 2023/23 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों की मांग के मुकाबले उत्पादन

1465. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में उर्वरकों की मांग और उत्पादन का ब्यौरा क्या है;
(ख) देश में उर्वरकों की कमी को पूरा करने के लिए विगत पांच वर्षों के दौरान आयात किए गए उर्वरकों की मात्रा का ब्यौरा क्या है; और
(ग) मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क): पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में उर्वरकों की मांग और उत्पादन का विवरण **अनुलग्नक-क और ख** में दिया गया है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान उर्वरक के आयात का विवरण **अनुलग्नक-ग** में है।

(ग): राज्य में उर्वरक का वितरण विभिन्न डीलरों/खुदरा विक्रेताओं के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकारों को किसानों को उर्वरकों के कुशल वितरण की आवश्यकता के आधार पर राज्य में प्रचालन हेतु अनेक डीलरों/खुदरा विक्रेताओं को पंजीकृत करने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त, उर्वरक प्रबंधन के लिए रेक प्वाइंट खोलना एक सतत प्रक्रिया है, जिसे रेल मंत्रालय द्वारा प्रचालन की पुष्टि के अध्यधीन राज्य सरकार की सिफारिश के अनुसार खोला जाता है।

सरकार ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को सुकर बनाने और यूरिया क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 जनवरी, 2013 को नई निवेश नीति (एनआईपी)-2012 और 7 अक्टूबर, 2014 को इसके संशोधन की घोषणा की थी। एनआईपी - 2012 के तहत, कुल 6 नई यूरिया इकाइयों को स्थापित किया गया है। ये मैटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (मैटिक्स) की पानागढ़ यूरिया इकाई; चंबल फर्टिलाइजर्स

एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) की गड़ेपान-।।। यूरिया इकाई; रामागुण्डम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) की रामागुण्डम यूरिया इकाई; और हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की 3 यूरिया इकाइयां नामत: गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी हैं। इन इकाइयों में प्रत्येक इकाई की यूरिया उत्पादन की संस्थापित क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। अत: इन इकाइयों ने मिलकर देश की वर्तमान स्वदेशी यूरिया उत्पादन क्षमता में 76.2 एलएमटी प्रतिवर्ष की वृद्धि की है। इसके अतिरिक्त, कोयला गैसीकरण मार्ग के माध्यम से 12.7 एलएमटी प्रतिवर्ष का नया ग्रीनफील्ड यूरिया संयंत्र स्थापित करके एफसीआईएल की तलचर इकाई का पुनरुद्धार करने के लिए 28 अप्रैल 2021 को एक विशेष नीति अधिसूचित की गई है।

उद्देश्यों में से एक स्वदेशी यूरिया उत्पादन को अधिकतम करने के उद्देश्य के साथ सरकार ने 25 मई, 2015 को नई यूरिया नीति (एनयूपी) - 2015 अधिसूचित की है। एनयूपी-2015 से 2014-15 के दौरान हुए वास्तविक उत्पादन की तुलना में यूरिया के उत्पादन में 20-25 एलएमटीपीए की वृद्धि हुई है।

पीएंडके तथा अन्य उर्वरकों के घरेलू उत्पादन में वृद्धि हेतु विभाग द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

1. उर्वरक विभाग ने मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड यूनिट-II, बांदा सागर, मध्य प्रदेश को 2,40,000 एमटी प्रति वर्ष की संस्थापित क्षमता के साथ डीएपी/एनपीके के उत्पादन की अनुमति दी।
2. उर्वरक विभाग ने मेसर्स कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड, मध्य प्रदेश को 3,30,000 एमटी प्रति वर्ष की संस्थापित क्षमता के साथ डीएपी/एनपीके के उत्पादन की अनुमति दी।
3. 25.10.2021 से 31.3.2022 तक डीएपी के उत्पादन/आयातों पर नो प्रॉफिट/नो लॉस आधार पर 8000 रु. की सीमा के साथ अतिरिक्त लागत प्रदान की गई है।
4. पीडीएम अथवा शीरे से प्राप्त पोटाश (0-0-14.5-0) को एनबीएस स्कीम के तहत शामिल किया गया है।
5. खान मंत्रालय, जीएसआई, एमईसीएल, फैगमिल और संबंधित राज्य सरकारों के साथ परामर्श करके भारत में डीएपी और अन्य उर्वरकों के कच्चे माल के लिए खनिजों की खोज करना एक सतत प्रक्रिया है।

अनुलग्नक-क

वित्त वर्ष 2017-18 से 2021-22 के दौरान उर्वरकों की आवश्यकता					
					आंकड़े एलएमटी में
क्र.सं.	राज्य	यूरिया	डीएपी	एमओपी	एनपीकेएस
1	2017-18	298.00	98.77	33.90	98.19
2	2018-19	300.04	98.40	36.81	97.68
3	2019-20	335.26	103.30	38.12	104.82
4	2020-21	350.64	107.76	35.51	108.00
5	2021-22	356.53	123.90	37.10	122.74

अनुलग्नक-ख

सभी उर्वरकों का वर्ष-वार उत्पादन			
(आंकड़े एलएमटी में)			
वर्ष	यूरिया	डीएपी	मिश्रित
2017-18	240.23	46.50	82.57
2018-19	238.97	38.99	89.98
2019-20	244.58	45.50	86.61
2020-21	246.05	37.74	93.21
2021-22	250.72	42.22	83.27
स्रोत: dbtfert.nic.in			

अनुलग्नक-ग

वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक उर्वरकों (यूरिया, एमओपी और एनपीके) का आयात				
				मात्रा एलएमटी में
वर्ष	यूरिया	डीएपी	एमओपी	एनपीके
		कंपनियों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार		
2017-18	59.75	42.17	47.36	4.99
2018-19	74.81	66.02	42.14	5.46
2019-20	91.23	48.70	36.70	7.46
2020-21	98.28	48.82	42.27	13.90
2021-22	91.36	54.62	24.60	11.70